बदलते ज़माने का अख़बार
पीपुल्स समाचार
इंदौर, शुक्रवार 14 अगस्त 2015

पुलिसकर्मियों का नेत्र परीक्षण

पीसं, इंदौर। पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल पर गुरुवार को नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पुलिसकर्मियों, अधिकारियों और प्रशिक्षुओं की आंखों का परीक्षण किया गया। नेत्र चिकित्सकों ने लगभग 140 कर्मचारियों का परीक्षण किया। शिविर संयोजक उपपुलिस अधीक्षक आवास एवं कल्याण अशोक अहिरवार ने बताया कि एमवाय अस्पताल के डॉक्टरों ने पीआरटीएस पर पुलिसकर्मियों की आंखों की जांच की। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. स्वप्निल अशोकराव जाधव, डॉ. पारूल वर्मा, डॉ. गरिमा वैष्णव, डॉ. राहिणी कवड़े और शैलेंद्र बजाज विशेष रूप से उपस्थित थे। इससे पहले नेत्र विशेषज्ञ ने उपस्थित कर्मचारियों को आंखों की सुरक्षा के बारे में विशेष जानकारी भी दी। संस्था के निदेशक व पुलिस महानिरीक्षक वरुण कपूर ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शिविर समय-समय पर लगाए जाएंगे, ताकि प्रशिक्षुओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ संस्था के अन्य सदस्यों को भी इस कल्याणकारी गतिविधियों का लाभ प्राप्त होता रहे।